वाक्य बनाते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए अथवा उन में कौन-कौन से गुण होने चाहिए इस विषय में समझाना ।

वाक्य के अंग उद्देश्य तथा विधेय से परिचित करवाना ।

रचना तथा अर्थ के आधार पर वाक्य के भेदों की जानकारी देना ।

शुद्ध वाक्य रचना सिखा कर छात्रों को लेखन के क्षेत्र में आगे बढ़ाना ।

रचनात्मकता जाग्रत करना।

पूर्व ज्ञान परीक्षा

क्या आप जानते हैं कि वाक्य कैसे बनता है ?

क्या शब्दों के मेल को वाक्य कहा जा सकता है ?

क्या वाक्यों में पद क्रम का होना जरूरी होता है ?

क्या वही पद समूह, जिसका कोई अर्थ वाक्य कहलाता है?

सहायक सामग्री

सीडी ,प्रोजेक्टर, श्यामपट्ट, डस्टर ,चौक कंप्यूटर आदि।

पद्धति

वाचन कथा श्रवण पद्धति

**शिक्षण कार्य**

**जुड़िए और समझिए संदर्भ द्वारा उद्देश्य -विधेय की जानकारी दी जाएगी तथा सार्थक -निरर्थक शब्दों की पहचान कराई जाएगी वाक्य की परिभाषा बताते हुए उसके गुण भीड़ तथा उपभेद पर चर्चा की जाएगी ।बीच-बीच में संबंधित उदाहरण देते हुए विषय की पुष्टि की जाएगी पाठ संबंधी सी. डी. का प्रसारण किया जाएगा।अर्थ के आधार पर तथा रचना के आधार पर वाक्य के भेदों की जानकारी दी जाएगी।छात्रों को सरल वाक्य से संयुक्त वाक्य में रूपांतरण करना तथा संयुक्त से सरल वाक्य बनाना भी सिखाया जाएगा।अर्थ के आधार पर वाक्य के आठ वेदों के बारे में भी बताया जाएगा।**

**अन्य ज्ञान क्षेत्रों के साथ एकीकरण**

**Sentences के बारे में बताते हुए उप विषय को अंग्रेजी विषय के साथ भी जोड़ा जाएगावातावरण तथा विज्ञान से जुड़े हुए वाक्यों द्वारा छात्रों को विज्ञान तथा वातावरण जैसे विषयों से भी जोड़ा जाएगा।**
**जैसे वातावरण में बहुत से तत्व शामिल होते हैं।**
**रक्त प्रवाह बढ़ने से बाजार की मृत्यु हो गई।**

**छात्र सहभागिता**

**अभ्यास कार्य करते हुए छात्र अपनी रचनात्मकता का विकास करेंगे ।अपनी तरफ से उदाहरण देते हुए अपनी सोचने और विचार करने की शक्ति को दर्शा एंगेअपनी आशंकाओं का निवारण करते हुए उक्त विषय को अच्छी तरह  से समझने का प्रयास करेंगे। विषय संबंधी की दी गई गतिविधि को करेंगे।**

**सह शैक्षिक गतिविधि**

**अभिनय करना**

**वाक्य विचार के सभी भेदों को छात्रों में बांट दिया जाएगा और एक अध्यापिका के रूप में अभिनय करते हुए उन्हें कक्षा के अन्य छात्रों को विषय समझाने के लिए कहा जाएगा इससे उनकी दोहराई भी हो जाएगी और वे विषय को अच्छी तरह से समझ सकेंगे।**

**पुनरावृति**

**रचना के आधार पर वाक्य के कितने भेद होते हैं?**
**अर्थ के आधार पर वाक्य के भेदों के नाम बताओ।**
**क्या हम सरल वाक्य को संयुक्त में बदल सकते हैं?**
**राधा नहा कर सो गई का संयुक्त वाक्य क्या होगा?**
**'वह कक्षा में प्रथम आया क्योंकि वह बहुत मेहनती था। 'इस वाक्य का सरल वाक्य क्या होगा?**

**शिक्षण के प्रतिफल**

**छात्र वाक्य और उसके भेदों को अच्छी तरह से समझ जाएंगे तथा सरल से संयुक्त और संयोग से सरल वाक्य बनाना सीख जाएंगे वह अर्थ के आधार पर वाक्य के आठों भेदों को अच्छी तरह से समझ जाएंगे। छात्र सार्थक वाक्य रचना करने में निपुण हो जाएंगे और वाक्यों को उनके भेदों के आधार पर नामांकित कर सकेंगे।**

**मूल्यांकन**

**अभ्यास पत्रिका ,कक्षा परीक्षा , मौखिक तथा लिखित रूप में छात्रों का मूल्यांकन किया जाएगा।**

संवाद लेखन -

**1 जुलाई महीने में शिक्षण दिनों की संख्या - 18**

**2 उप विषय -संवाद लेखन**

**3 विषय को पूरा करने के लिए दिनों की संख्या -2**

**4 पूर्व ज्ञान परीक्षा -**

**क्या आप अपने माता-पिता और मित्रों से बातचीत करते हैं ?**

**क्या आप जानते हैं कि एक व्यक्ति द्वारा कहे गए कथन को क्या कहते हैं ?**

**क्या आप जानते हैं कि किसी के बीच की बातचीत को लिखा कैसे जाता है ?**

**5 सीखने का प्रतिफल -**

**छात्र को किसी भी विषय पर संवाद के रूप में उनके विचार कक्षा में प्रस्तुत करने के लिए कहा जाएगा ।छात्रों को लेखन तथा रचनात्मक कला का विकास होगा ।**

**छात्रों में मौखिक अभिव्यक्ति का विकास होगा ।**

**छात्र सही ढंग से संवाद लिखना और बोलना सीख जाएंगे ।**

**6 ज्ञान के अन्य क्षेत्रों के साथ एकीकरण -कहानी तथा अकबर और बीरबल के किस्से के द्वारा छात्र इतिहास के विषय के साथ जुड़ेंगे**

**सामाजिक समस्याओं की चर्चा करते हुए वह सामाजिक विज्ञान का ज्ञान प्राप्त करेंगे ।**

**7 सूचना और संचार तकनीकी साधन -व्याकरण की पुस्तक कुछ पात्र स्मार्ट बोर्ड एक कहानी की किताब**

**8 मूल्यांकन -छात्र का कई विधियों के द्वारा मूल्यांकन किया जाएगा ।**

**अभ्यास पत्रिका में आए हुए संवादों को लिखना ।**

**इकाई परीक्षा**

**कक्षा में 2 छात्र के बीच विषय बताकर उनमें संवाद करवाना'**

**9 प्रतिक्रिया देना और उपचारात्मक शिक्षण -संवाद कितने लोगों में होता है ?**

**समाज में कौन-कौन से गुण होने चाहिए ?**

**स्वाद लिखते या बोलते समय किन किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ?**

अगर इस विषय को समझने में कोई छात्र पीछे रह जाए तो अध्यापिका उसे सरल तरीके से समझा कर उसकी मुश्किल को हल करेगी ।

**10** समावेशी व्यवहार और पूर्ण भागीदारी -छात्रों को किसी विषय पर संवाद के रूप में उनके विचार कक्षा में प्रस्तुत करने को कहा जाएगा छात्र संवाद को पत्र के रूप में बोलेंगे कोई पा कहानी पढ़कर उसे संवाद के रूप में परिवर्तित कर के लिखने तथा कक्षा में प्रस्तुत करने के लिए कहा जाएगा छात्र इसे व्यवहारिक रूप में कक्षा में प्रस्तुत करेंगे विषय में रोचकता लाने के लिए अकबर तथा बीरबल की कहानी भी प्रस्तुत करवाई जाएगी इस प्रकार सभी छात्र इसको लिखने सुनने और पढ़ने के भागीदार बन सकेंगे ।

**कक्षा - नवम**

**पाठ्य पुस्तक - स्पर्श**

**विषय वस्तु - निबंध**

**पाठ - कीचड़ का काव्य**

**लेखक - काका कालेलकर**

**शिक्षण उद्देश्यः-**

पाठ का मुख्य उद्देश्य कीचड़ की जीवनोपयोगिता तथा उसके भौतिक महत्त्व को बताना। कीचड़ के काव्य को विचारात्मक लेख द्वारा प्रस्तुत करना। कीचड़ की विशेषताएँ बताना। कीचड़ का ऐतिहासिक तथ्य प्रस्तुत करना। समाज में कीचड़ के प्रति लोगों के दृष्टिकोण का विकास करना। साहित्य के गद्य-विद्या (निबंध) की जानकारी देना तथा नए शब्दों के अर्थ समझाकर शब्द-भंडार में वृद्धि करना।

**पूर्व ज्ञान परीक्षाः**

पाठ का पठन करने से पूर्व विद्यार्थियों से उनके पूर्व ज्ञान परीक्षण के लिए कुछ प्रश्न किए जाएँगे तथा पढ़ाए जाने वाले पाठ से उनका संबंध जोड़ा जाएगा।

1. कीचड़ का रंग कौन सा होता है?
2. कीचड़ में पैदा होने वाले कुछ पौधों का नाम बताएँ।
3. हम कीचड़ का उपयोग कहाँ-कहाँ करते हैं?
4. सबसे ज्यादा कीचड़ कहाँ देखने को मिलता है?

**शब्द प्रारूपः**

पर्यायवाची शब्द, कारक चिह्न पाठ में आए शब्दों के पाठ से भिन्न नए प्रसंग में वाक्य प्रयोग तथा कठिन शब्दों के अर्थः-पूर्व-पूर्व दिशा, आकर्षक-सुंदर, श्वेत-सफेद, पदचिह्न-पैरों के निशान, पाड़े-भैसों के नर बच्चे, तृप्ति-संतुष्टि।

**वर्तनीः**

महिषकुल, कारवाँ, भास, मल, लुप्त, कर्दम, तिरस्कार, युक्तिशून्य, वासुदेव।

**विषय की व्याख्या के लिए प्रयोग किए जाने वाले अभिनव ढंगः**

दृश्य-श्रव्य साधन, परिचर्चा, वाद-विवाद

**कार्य प्रणालीः**

छात्रों को वीडियो के रुप में (स्मार्ट क्लास) के माध्यम से पाठ का नाटकीय रुप दिखाया जाएगा। पाठ पढ़ते समय शब्दों तथा वाक्यों के शुद्धउच्चारण एवं उनके अर्थ समझाने पर विशेष विषयों

पर छात्रों से विशेष चर्चा की जाएगी। विभिन्न मूल्यों को प्रकट करते हुए पाठ का विस्तार किया जाएगा। पठन और वाचन कौशल के दौरान कीचड़ के महत्त्व पर तथा उसके असल सौंदर्य पर परिचर्चा होगी। छात्रों से कीचड़ के अन्य उपयोगों के बारे में पूछा जाएगा।

**छात्र सहभागिता:**

छात्रों द्वारा पठन करते समय शुद्ध उच्चारण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। कीचड़ के लिए छात्रों के अपने विचार रखने का मौका दिया जाएगा। कीचड़ के दैनिक जीवन में होने वाले और उपयोगों पर चर्चा कराई जाएगी। छात्रों के कीचड़ के प्रति अपने अनुभव लिखने को कहा जाएगा। कीचड़ में पैदा होने वाली फसलों के बारे में पूछा जाएगा।

**पुनरावृत्ति:**

पुनरावृत्ति के तौर पर छात्रों से पाठ के संबंध में कुछ प्रश्न किए जाएँगे तथा प्रश्नों के उत्तर सही न मिलने पर उनके सही उत्तर बताए जाएँगे।

1. कीचड़ के प्रति किसी को साहनुभूति क्यों नहीं होती?
2. कीचड़ कहाँ सुंदर लगता है?
3. पंक और पंकज शब्द में क्या अंतर है?
4. लोग किन-किन चीज़ों का वर्णन करते हैं?
5. कीचड़ जैसा रंग कौन लोग पसंद करते हैं?

**ज्ञान के अन्य ज्ञानक्षेत्रों के साथ एकीकरण:**

इस पाठ के माध्यम से छात्रों को विचारात्मक लेख करवाया जाएगा जिससे उनका बौधिक विकास होगा। स्वयं निबंध लिखने की योग्यता का विकास होगा।

**योग्यता विस्ताार कार्य:**

विद्यार्थी सूयोदय और सूर्यास्त के दृश्य देखेंगे तथा अपने अनुभवों को लिखेंगे। कीचड़ में पैदा होने वाली फसलों के नाम लिखेंगे। क्या कीचड़ गंदगी है? इस विषय पर अपनी कक्षा में परिचर्चा आयोजित करेंगे।

**संसाधन:**

पुस्तक स्मार्ट क्लास, इंटरनेट

**सीखने के प्रतिफल:**

इस कहानी के माध्यम से कीचड़ की विशेषताओं के बारे में जानेंगे। नए शब्दों का प्रयोग करेंगे। अपने व्यवहारिक ज्ञान का प्रयोग करते हुए कीचड़ के विभिन्न रुपों को सामने लाएँगे। घृणित दिखाई पड़ने वाला कीचड़ अनेक विशेषताओं से युक्त है। कीचड़ में ही सबकी क्षुधापूर्ति करने वाला अन्न उत्पन्न होता है।

**मूल्यांकन:**

निम्नलिखित विधियों से मूल्यांकन किया जाएगा।

क) पाठ्य पुस्तक के बोधात्मक प्रश्न:

1. कीचड़ का काव्य नामक निबंध में लोगों की सहानुभूति किसके प्रति नहीं होती?
2. सबसे अधिक कीचड़ कहाँ देखा जा सकता है?
3. कमल शब्द के सुनने से चित्त में क्या फूट पड़ते हैं?

ख) इकाई परीक्षाएँ

ग) ग्रह काय

घ) परियोजना कार्य

**विषय वस्तु - निबंध**
**पाठ - धर्म की आड़**
**लेखक - गणेशशंकर विद्यार्थी**

**शिक्षण उद्देश्यः-**

पाठ का मुख्य उद्देश्य धर्म के विभिन्न आयामों तथा पक्षाकें को स्पष्ट कराना। भारतीय सामाजिक जीवन की जानकारीदेना। साहित्य के गद्य-विद्या (लेख) की जानकारी देना। छात्रों को नैतिक मूल्यों की ओर प्रेरित करना। नए शब्दों के अर्थ समझाकर अपने शब्द भंडार में वृद्धि करना तथा हिंदी साहित्यकारों के बारे में जानकारी देना।

**पूर्व ज्ञान परीक्षाः**

पाठ समझाने से पहले विद्यार्थियों से उनके पूर्व ज्ञान परीक्षण के लिए कुछ प्रश्न पूछे जाएँगे। जिनका संबंध नए विषय से जोड़ा जाएगा।

1. बच्चो! क्या आप अपने धर्म से परिचित हैं?
2. क्या आप अलग-अलग धर्मो से परिचित हैं?
3. क्या आपने कभी दो धर्मो को अपनाया है?
4. मनुष्य का स्वभाव कैसा-कैसा होता है?
5. आप समाज में किस प्रकार के बदलाव देखते हैं?

**उद्देश्य कथनः**

आज हम प्रसिद्ध लेखक गणेशशंकर विद्यार्थी के द्वारा रचित पाठ (धर्म की आड़) का अध्ययन करेंगे।

**शब्द प्रारूपः**

पाठ में आए व्याकरण का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना। उपसर्ग, प्रत्यय, विपरीतार्थक तथा वाक्य प्रयोग।

कठिन शब्दों के अर्थ

| | |
|---|---|
| उत्पात - उपद्रव | वाजिब - उचित |
| ईमान - नीयत | बेज़ा - अनुचित |
| ज़ाहिब - मूर्ख/गँवार | अट्टालिकाएँ- ऊँचे मकान |
| धूर्त - छली | चूसे जाते - अनुचित रूप से शोषित किए जाते |

**वर्तनीः**

यथार्थ, अवस्था, हीन, भीषण उदार, खिलाफत, उपासना, स्परूप, मजहबी, सर्वत्र, आचारण, ला–मज़हब

**विषय की व्याख्या के लिए प्रयोग किए जाने वाले अभिनव ढंग:**
दृश्य–श्रव्य साधन, स्मार्ट बोर्ड, चाक, झाड़न, श्यामपट्ट, विभिन्न धर्मो का ज्ञान, साहित्यिक, भाषा की थोड़ी–बहुत जानकारी।

**कार्य प्रणाली:**
गणेशशंकर के विद्यार्थी जीवन के बारे में बताते हुए पाठ का पठन एवं वाचन किया जाएगा। प्रस्तुत पाठ 'धर्म की आड़' में उन लोंगो के इरादों और कुटिल चालों को बेनकाब किया है तो धर्म की आड़ लेकर जनसामान्य को आपस में लड़ाकर अपना स्वाथ सिद्ध करने वाले हों। विद्यार्थी अपने पाठ में दूर देशों में भी धर्म की आड़ में कैसे-कैसे कुकर्म हुए हैं, कौन–कौन लोग, वर्ग और समाज उनका शिकार हुए हैं इस बारे में जानकारी हासिल करेंगे। पठन और वाचन के दौरान धर्म के नाम पर और कुकर्मो पर चर्चा होगी। छात्रों से भी जानकारी ली जाएगी।

**छात्र सहभागिता:**
छात्र लेख को ध्यानपूर्वक सुनकर समझने का प्रयास करेंगे। आधुनिकता की भावना को आत्मसात करते हुए जीवन में प्रेरणा प्राप्त करेंगे। लेखक के बारे में दी जानकारी अभ्यास पुस्तिका में लिखेंगे। छात्रों द्वारा पाठ के शुद्ध उच्चारण एवं पठन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। धर्म के नाम पर होने वाले आस–पास के उपदर्वो पर चर्चा होगी। धर्म के बारे में छात्रों के अपने अनुभव लिखने को कहा जाएगा।

**पुनरावृत्ति:**
पुनरावृत्ति के तौर पर छात्रों से पाठ के संबंध में कुछ प्रश्न किए जाएँगे तथा प्रश्नों के उत्तर सही न मिलने पर उनको सही उत्तर बताए जाएँगे।

1. आज धर्म के नाम पर क्या-क्या हो रहा है?
2. कौन–सा कार्य देश की स्वाधीनता के विरुद्ध समझा जाएगा?
3. महात्मा गाँधी के धर्म संबंधी विचारों पर प्रकाश डालिए।
4. कौन से लोग धार्मिक लोगों से अच्छे होते हैं?

**ज्ञान के अन्य ज्ञानक्षेत्रों के साथ एकीकरण:**

इस पाठ के माध्य से छात्रों को नाट्य मंचन का अनुभव होगा छात्रों की सामूहिक भावना का विकास होगा। जिंदगी में हर तरह के लोंगों से तालमेल बनाने तथा कठिनाइयों का अनुभव लेने और उनका सामना करने का साहस उत्पन्न होगा तांकि छल होने पर बहादुरी से गलत बातों का विरोध किया जा सके। आत्म विश्वास की भावना जागृत होगी।

**योग्यता विस्तार कार्य:**

'धर्म एकता का माध्यम है' - इस विषय पर कक्षा में चरिचर्चा कीजिए। धर्म के प्रति छात्र अपने विचारों की सूची बनाकर कक्षा मं उसकी चर्चा करेंगे।

## विषय वस्तु - शुक्रतारे के समान (जीवनी)
## पाठ - शुक्रतारे के समान
## लेखक - स्वामी आनंद

**शिक्षण उद्देश्यः-**

पाठ का मुख्य उद्देश्य छात्रों को मनुष्य-मात्र स्वभाव एवं व्यवहार की जानकारी देना। महादेव जी के जीवन का संक्षिप्त परिचय देना। नैतिक मूल्यों की आरे प्रेरित करना। नए शब्दों के अर्थ समझाकर अपने शब्द भंडार में वृद्धि करना तथ स्वतंत्रता आंदोलन में गाँधी जी और महादेव भाई के योगदान का उल्लेख करना।

**पूर्व ज्ञान परीक्षाः**

पाठ का पठन करने से पहले छात्रों से उनके पूर्व ज्ञान परीक्षण के लिए कुछ प्रश्न पुछे जाएँगे तथा उनको नए पाठ से जोड़ा जाएगा।

1. बच्चो! क्या आप भारतीय स्वतंत्रता की आंदोलन की किसी घटना को जानते हैं?
2. क्या आप गाँधी जी और महादेव भाई के बारे मे कुछ जानते हैं?
3. मनुष्य की स्वभावगत विशेषताएँ बताइए।
4. आप समाज में किस प्रकार के बदलाव देखते हैं?
5. शुक्रतारे के बारे में क्या कोई जानकारी रखता है?

**शब्द प्रारूपः**

पर्यायवाची शब्द, उपसर्ग-प्रत्यय, मुहावरे तथा पाठ में आए कठिन शब्दों के अर्थ लिखवाए जाएँगे।

कठिन शब्दों के अर्थ -

| | |
|---|---|
| वारिस - उत्तराधिकारी | जिगरी - हार्दिक |
| कहर - अत्याचार, जुल्म | मुकाम - मंजिल |
| रूबरू - आमने-सामने | फर्क - अंतर |
| तलीम - शिक्षा | गिरफ्तार - कैद, बंधक |

**वर्तनीः**

शुक्र, नक्षत्र, तेजस्वी, उषाकार, हम्माल, कालापानी, रूबरू, सत्याग्रह, धुरंधर, कट्टर, फुलस्केप, ग्रंथाकार।

**विषय की व्याख्या के लिए प्रयोग किए जाने वाले अभिनव ढंग:**
श्यामपट्ट, चाक, झाड़न, स्मार्ट बोर्ड के माध्यम से प्रस्तुति।

**कार्य प्रणाली:**
पाठ का पठन करते हुए छात्रों को समझाया जाएगा कि कोई भी माहन व्यक्ति, महानतम काग्र तब कर सकता है, जब उसके साथ ऐसे सहयोगी हों जो उसकी तमाम चिंताएँ और उलझनों को अपने सिर ले-ले। गाँधी जी के लिए महादेव भाई और प्यारेलाल जी ऐसी ही शख्सियत थ। गुजराती भाषा में लिखे गए प्रस्तुत पाठ शुक्रतारे के समान मे लेखक ने गाँधी जी के निजी सचिव महादेव भाई की बेजोड़ प्रतिभा और व्यस्ततम दिनचर्य को उकेरा है। निष्ठा, समर्पण और निरभिमान को लेखक ने बड़ी ईमानदारी से शब्दों में पिरोया है।

**छात्र सहभागिता:**
निबंध को ध्यानपूर्वक सुनना और समझने का प्रयास करना। आधुनिकता की भवना को आत्मसात करना। लेखक के बारे में दी जानकारी को अभ्यास पुस्तिका में लिखना। लेख से संबंधित अपनी जिज्ञासा का निवारण करना। निबंध को हृदयगंमय करने की क्षमता को विकसित करने के लिए लेख ध्यान से सुनना। शब्दार्थ अभ्यास पुस्तिका में लिखना।

**पुनरावृत्ति:**
पुनरावृति के लिए पढ़ाए हुए पाठ में से कुछ प्रश्न पुछे जाएँगे।

1. महादेव भाई अपना परिचय किस रूप में देते थे?
2. अहमदाबाद से कौन से दो साप्ताहिक निकलते थे?
3. महादेव भाई की अकाल मृत्यु का क्या कारण था?
4. महादेव की लिखावट की क्या विशेषताएँ हैं?
5. महादेव के किन गुणों ने उनको सबका लाडला बना दिया था?

**ज्ञान के अन्य ज्ञानक्षेत्रों के साथ एकीकरण:**
स्वतंत्रता आंदोलन में गाँधी जी का योगदान विषय पर कक्षा में परिचर्चा आयोजित की जाएगी। सूयमंडल में नौ ग्रह हैं। शुक्र सूर्य से क्रमश दूरी के अनुसार दूसरा ग्रह है और पृथ्वी तीसरा। छात्र अन्य ग्रहों के बारे में परिचर्चा करते हुए क्रम में लिखेंगे।

**योग्यता विस्तााार कार्य:**
गाँधी जी की आत्मकथा 'सत्य के प्रयोग' को पुस्तकालय से लेकर पढ़ने को कहा जाएगा। जलियाँवाला बाग में कौन-सी घटना हुई थी। जानकारी एकत्रित कीजिए। सूर्योदय के 2-3 घंटे

पहले पूर्व दिशा में या सूर्यास्त के 2–3 घंटे बाद पश्चिम दिशा में एक खूब चमकता हुआ ग्रह दिखाई देता है वह शुक्र ग्रह हैं छोटी दूरबीन से इसकी बदलती कलाओं के बारे में लिखकर सूची बनवाई जाएगी।

**विषय वस्तु – कविता**

**पाठ – नए इलाके में खुशबू रचते हाथ**

**शिक्षण उद्देश्य:–**

1. पाठ का उद्देश्य कविता का रसास्वाद करना।
2. खुशबू वाले इलाके की विशेषताएँ बताना।
3. स्वयं कविता लिखने की योग्यता का विकास करना।
4. कविता में वर्णित भावों को हृदयगम करना।
5. कविता की विषयवस्तु को पूर्व में पढ़ी हुई कविता से संबंध जोड़ना।

**पूर्व ज्ञान परीक्षा:**

यह पूर्वानुमान है कि छात्र कविताओं से पहले ही अवगत हैं इसके अतिरिक्त वे सामाजिक व्यवहार को देखते एवं जानकारी रखते हैं जिसके आधार पर उनसे कुछ प्रश्न पूछे जाएँगे।

1. बच्चो आपके क्षेत्र में ऐसे कितने मकान हैं जो पुराने हैं?
2. क्या आप भवन निर्माण के बारे में कुछ जानते हैं?
3. मनुष्य की स्वभावगत विशेषताएँ कौन सी हैं?
4. क्या आप नित बदलती दुनिया से परिचित हैं?
5. आप समाज में किस प्रकार के बदलाव देखते हैं?

**शब्द प्रारूप:**

छात्रों की पठित पदों में होने वाले उच्चारण संबंधी अशुद्धियों को दूर करना, कविता में आए व्याकरण का व्यवहारिक ज्ञान प्रदान करना। कठिन शब्दों के अर्थ करवाना:

| | |
|---|---|
| इलाका – क्षेत्र | ठकमंकता – डगमगाते हुए |
| अकसर – प्राय: | स्मृति – याद |
| ताकता – देखता | वसंत – एक वस्तु |
| ढहा – गिरा हुआ | पतझड़ – एक ऋतु जिसमें पत्ते झड़ते हैं |

**वर्तनी:**

वैसाख, भादों, आकाश, मुल्क, केवड़ा, रातरानी, जूही, जख्म, घट, स्मृति, वसंत

**विषय की व्याख्या के लिए प्रयोग किए जाने वाले अभिनव ढंग:**

श्यामपट्ट, चाक, झाड़न, पावर प्वाइंट के माध्याम से पाठ की प्रस्तुति करना।

**कार्य प्रणाली:**

प्रस्तुत पाठ में एक ऐसी दुनिया में प्रवेश का आमंत्रण है जो एक ही दिन में पुरानी पड़ जाती है इससे बोध होता हे कि जीवन में कुछ भी स्थाई नहीं होता। पल-पल बदलती दुनिया में स्मृतियों के भरोसे नहीं रहा जा सकता। वह नए बसते इलाकों व मकानों के कारण रोज अपने घर का रास्ता भूल जाता है। पुराने निशाने को याद रखकर आगे बढ़ता है मगर गलत जगह पहुँचता है इसलिए वह कहता है कि यहाँ स्मृतियों का कोई भरासा नहीं। यहाँ दुनिया एक दिन में ही पुरानी पड़ जाती है।

**छात्र सहभागिता:**

कवि के बारे में दी जानकारी को अभ्यास पुस्तिका में लिखना। उच्चारण एवं पठन-शैली को ध्यान से सुनना। कविता को हृदयंगम करने की क्षमता को विकसित करना। कविता को ध्यान से सुनकर आधुनिकता की भावना को आत्मसात करते हुए वर्तमान जीवन से प्रेरणा प्राप्त करना।

शब्दार्थ अभ्यास पुस्तिका में लिखना। छात्रों के द्वारा पाठ का पठन। कविता को ध्यापनपूर्वक सुनकर संबंधित अपनी जिज्ञासाओं का निराकरण करना। व्याकरण के अंगों को नियम प्रयोग एवं उदाहरण को अभ्यास पुस्तिका में लिखना। पाठ की प्रमुख सूचनाओं कीसूची तैयार करना।

**पुनरावृत्ति:**

नए बसते इलाके में कवि रास्ता क्यों भूल जाता है? कविता में कौन-कौन से पुराने निशानों का उल्लेख हुआ है? इस कविता में समय की कमी की ओर क्यों इशारा किया गया है? कवि ने शहरों की किस बिडंबना की और संकेत किया है?

**योग्यता विस्तार:**

अगरबत्ती बनाना, माचिस बनाना, मोमबत्ती बनाना, लिफाफे बनाना, पापड़ बनाना, मसाले कूटना आदि लघू उद्योगों के विषय में जानकारी एकत्रित कीजिए।

पाठ में आए कुछ हिंदी महीनों के नाम को क्रम में लिखिए।

## पाठ – हामिद खाँ
## लेखक – एस के पोट्टेकाट

**शिक्षण उद्देश्य:-**

मनुष्य-मात्र के स्वभाव एवं व्यवहार की जानकारी देना। लेख की विषयवस्तु को पूर्व में सुनी हुई घटना से संबंद्ध करना। नए शब्दों के अर्थ समझकर अपने शब्द भंडार में वृद्धि करना। साहित्य के गद्य-विद्या (लेख-निबंध) की जानकारी देना। छात्रों को अपने समाज एवं धर्म के बारे में जानकारीदेना। नैतिक मूल्यों की और प्रेरित करना। सच्चे धर्म की और प्रेरित करना। देश एवं समाज की आंतरिक दशा तथा परिस्थिति से अवगत कराना।

**पूर्व ज्ञान परीक्षा:**

1. बच्चो क्या आपने कभी पौराणिक खंडहर देखे हैं?
2. क्या आप में से कभी कोई पाकिस्तान गया है?
3. पाकिस्तान देश के बारे में आप क्या सोचते हैं?
4. मुसलमानी खानपान और हिंदुस्तानी खानपान में क्या फर्क है?
5. आप हमारे देश में आने वाले अतिथि का स्वागत कैसे करेंगे?

**शब्द प्रारूप:**

उपसर्ग, प्रत्यय तथा कठिन शब्दों के अर्थ लिखवाए जाएँगे।

कठिन शब्दों के अर्थ

| | |
|---|---|
| आगजनी – उपद्रवियों द्वारा आग लगाना | तंग – संकरा |
| अलमस्त – मस्त | अधेड – ढलती उम्र का |
| सालन – गोश्त | बेतरतीबी- बिना किसी सलीके/तरीके |
| फख्र – गर्व | आततायियों – अत्याचार करने वाले |
| नियति – भाग्य | पश्तो – एक प्राचीन भाषा |
| तश्तरी – प्लेट | चाव से – शौक से |

**वर्तनी:**

तक्षशिला, पौराणिक, खंडहर, परकिस्तान, चपातियाँ, हुक्का, अधेड़, मुहब्बत, मसालेदार शोरबा, तश्तरी, क्षुधा

**विषय की व्याख्या के लिए प्रयोग किए जाने वाले अभिनव ढंग:**

श्यामपट्ट चाक झाड़न, पावर प्वाइंट के माध्यम से पाठ की प्रस्तुति करना।

**कार्य प्रणाली:**

पाठ का पठन करते हुए छात्रों को समझाया जाएगा कि कोई भी देश क्यों न हो उसके लोग हमेशा भाईचारा और अमन पसंद करते हैं। कुछ आततायियों के कारण पूरे देश का नाम खराब कर दिया जाता है। प्रस्तुत पाठ में लेखक ने हिंदू और मुसलमान दोनों के सहृदयता एवं एकता की भावना को दर्शाया है। इसमें लेखक की भावना हामिद खाँ की भवना से एकाकार होती है। और दोंनो में आत्मीय संबंध स्थापित हो जाता है उसी आत्मीय संबंध को लेखक ने इस पाठ द्वारा प्रस्तुत किया है। शब्दों तथा वाक्यों के शुद्ध उच्चारण एवं उनके अर्थ समझाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। दो देशों में दो जातियों के हृदयों में धड़कती हुई एकता की भावना से दर्शाया है।

**छात्र सहभागिता:**

पाठ को ध्यानपूर्वक सुनना अैर समझने का प्रयास करना। आधुनिकता की भावना को आत्मसात करना। लेखक अध्यापक द्वारा दी जानकारीको अभ्यास पुस्तिका में लिखना। लेख से संबंधित अपनी जिज्ञासा का निवारण करना। हिंदू-मुसलमानों के धर्म और एकता के बारे में छात्रों को अपने अनुभव लिखने को कहा जाएगा। छात्रों में एकता की भावना को आत्मसात कराना।

**पुनरावृत्ति:**

पूनरावृति के लिए छात्रों से पाठ से संबंधित कुछ प्रश्न पुछे जाएँगे तथा अध्यापक द्वारा संतोषजनक उत्तर न पाकर उनका उचित समाधान किया जाएगा।

1. लेखक का हामिद खाँ से किन परिस्थितियों में परिचय हुआ?
2. हामिद खाँ ने लेखक से खाने के पैसे लेने से इनकार क्यों किया?
3. हामिद को लेखक की किन बातों पर विश्वास नहीं हो रहा था?
4. मालबार में हिंदू-मुसलमानों के परस्पर संबंध कैसे थे?
5. तक्षशिला में आगजनी की खबर सुनकर लेखक के मन में कौन सा विचार आया?

**ज्ञान के अन्य ज्ञानक्षेत्रों के साथ एकीकरण:**

इस पाठ के माध्यम से छात्रों को दो देशों के आपसी संबंधों तथा हिंदू मुसलमानों की एकता के बारे में जानकारीमिलेगी। छात्रों के साथ दूसरे देश के हिंदू-मुसलमानों के संबंधों पर सामूहिक चर्चा की जाएगी। जिंदगी मे हर तरह के लोगों से तालमेल तथा कठिनाईयों का अनुभव लेने उनका सामना करने का साहस उत्पन्न होगा ताकि बहादुरी तथा प्यार के बल पर दुश्मन को भी दोस्त बन लिया जाए।

## विषय – एक फूल की चाह (कविता)

**शिक्षण उद्देश्यः–**

हिंदी शब्दों का सही उच्चारण करना तथा हिंदी के स्वाभाविक अनुतान का प्रयोग करना।

1. हिंदी कविताओं का उचित लय, आरोह-अवरोह तथा भााव के साथ पढ़ना।
2. भाषा की विभिन्न विद्याओं के बारे में छात्रों को परिचित करवाना।
3. छुआछूत की समस्या के बारे में छात्रों को जानकारी देना।
4. तत्कालीन समाज में फैली सामाजिक बुराइयों एवं उनके प्रभाव पर चर्चा करना।

**पूर्व ज्ञान परिक्षाः**

कविता का परिचय देने के पूर्व छात्रों से कुछ प्रश्न किए जाएँगे जो छात्रों के पूर्व ज्ञान को स्पष्ट करेंगे।

1. प्राचीन काल में कैसी प्रथाएँ चलती थीं?
2. 'अछुत' कौन होता था?
3. वर्तमान में कैसी सामाजिक कुरीतियाँ फैली हुई हैं?
4. रोग ग्रस्त होने पर मन में कैसे-कैसे विचार उत्पन्न हाते हैं?

**शब्द प्रारूपः**

प्रतीक/बिन ज्ञान,

| | |
|---|---|
| अंधकार की छाया | र के विभिन्न रूप |
| कितना बड़ा तिमिर आया | विस्तीर्ण, प्रकट |
| हुई राख की ढेरी | अविश्रांत, मृतक |
| हाय! फूल सी कोमल बच्ची | (ताप-तप्त, विह्वल कंठ क्षीण, स्वर्ण धन) |

**वर्तनीः**

उद्वेलित, मृतवत्सा कृश, विह्वल, अविश्रांत, पतित-तॉरिणी, अभियोग

**विषय की व्याख्या के लिए प्रयोग किए जाने वाले अभिनव ढंगः**

दृश्य-श्रव्य साधन, नाट्य रूपांतरण, परिचचा।, वाद-विवाद, कविता लेखन (रचना)

**कार्य प्रणालीः**

छात्रों के पूर्व ज्ञान से संबंध जोड़ते हुए तत्कालीन समामाजिक कुरीतियों के बारे में चर्चा की जाएगी। विषय वस्तु की जानकारी देते हुए कविताका वाचन किया जाएगा। छात्र उसका अनुसरण करेंगे। उनकी उच्चारण संबंधी त्रुटियों का समाधान किया जाएगा। प्रत्येक काव्यांश में निहित विशेष अर्थ का भी वर्णन किया जाएगा। प्राचीन काल में जाति-पाति के भेद भावों की जानकारी प्राप्त करके कक्षा में इस पर विचार विमर्श करेंगे।

**छात्र सहभागिता:**

छात्र कविता के कठिन शब्दों के अर्थ आत्मसात करके व्याख्या एवं निहित मूल्यों का ज्ञान प्राप्त करेंगे। स्मार्टबोर्ड के माध्यम से कविता का मूल भाव ज्ञात करेंगे। तत्कालीन समाज में व्याप्त स्पृश्य एवं अस्पृश्य में आज पाए जाने वाले परिवर्तनों पर चर्चा करेंगे। कविता के मूल भाव को समझते हुए अभ्यास के प्रश्नों के उत्तर ढूँढने का प्रयास करेंगे।

**पुनरावृत्ति:**

1. बीमार बच्ची ने क्या इच्छा प्रकट की?
2. सुखिया के पिता ने अपनी बच्ची को किस रुप में पाया?
3. पर्वत की चोटी पर स्थित मंदिर कैसा था?
4. देवी का अपमान करने के लिए भक्तों ने उसे क्या दंड दिया?
5. पिता को अपनी पुत्री से दूर करके दंड देना कहाँ तक उचित था, यदि हाँ। नही तो क्या?

**ज्ञान के अन्य ज्ञानक्षेत्रों के साथ एकीकरण:**

छात्रों को कविता अपने शब्दों में कहानी के रुप में लिखने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इससे कहानी लेखन की कला का विस्तार होगा। इसके अतिरिक्त चित्रकला की योग्यता का विस्तार करने हेतु कविता का एक चित्र के रुप में बनवाया जाएगा। छात्र अपनी कल्पना के आधार पर रंगों के रुप में अपनी कविता ज्ञान को रुप देंगे।

**योग्यता विचार:**

कविता को उचित स्वर, लय द्वारा उच्चारण करने का ढंग सीखेंगे।

जाति-पाति के भेद-भाव के बारे में जानकारी एकत्र करके उस पर अपने विचार लिखेंगे।

बेटियों के विषय पर कविता लिखने अथवा ढूँढने का प्रयास करेंगे।

**विषय वस्तु - संस्मरण**

**पाठ - दिए जल उठे**

**लेखक - मधुकर उपाध्याय**

**शिक्षण उद्देश्यः-**

पाठ का मुख्य उद्देश्य छात्रों को स्वतंत्रता संग्राम में गाँधी जी दांडी यात्रा तथा अन्य देश्वासियों के योगदान से परिचित कराना है। गाँधी जी के महान व्यक्तित्व से परिचित करवाना। नैतिक मूल्यों की ओर प्रेरित करना। नए शब्दों के अर्थ बताकर छात्रों के शब्द भंडार में वृद्धि कराना। देशवासियों का एकजुट होकर देश के लिए खड़े होने का उल्लेख करना।

**पूर्व ज्ञान परीक्षाः**

पाठ का पठन करने के पूर्व छात्रों से उनके पूर्व ज्ञान से संबंधित कुछ प्रश्न पुछे जाएँगे।

1. बच्चो! क्या आप भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन की किसी घटना के बारे में जानते हो?
2. दांडी मार्च क्या है?
3. हमें नमक कहाँ से प्राप्त होता है?
4. मही नदी के बारे में आप क्या जानते हैं?
5. वल्लभभाई पटेल कौन थे?
6. क्या आप गाँधी जी की दांडीयात्रा के बारे में कुछ जानकारी रखते हैं?

**शब्द प्रारूपः**

पाठ में आए व्याकरण का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना। उपसर्ग, विपरीत तथा वाक्य प्रयोग।

कठिन शब्दों के अर्थ

| | |
|---|---|
| दांडी कूच - दांडी यात्रा | सत्याग्रह - सत्य के लिए आंदोलन |
| विषेधाज्ञा - मनाही का आदेश | भर्त्सना - निंदा |
| क्षुब्ध - अशांत | अभिव्यक्ति - कथन |
| रियासतदार - रियासत का मालिक | प्रयाण-यात्रा |
| बयार - हवा | हुक्मरानो - शासक |
| निषादराज - केवट | दलदल- कीचड़ भरी |

**वर्तनीः**

कबूल, सदन, पुश्तैनी, स्थगित, संहार, धर्म यात्रा, निपुण, नजारा, अनुगूँज।

**विषय की व्याख्या के लिए प्रयोग किए जाने वाले अभिनव ढंगः**

दृश्य-श्रव्य साधन, नाट्य रूपांतरण, परिचर्चा, वाद-विवाद

**कार्य प्रणाली:**

छात्रों को पूर्व ज्ञान के साथ संबंध जोड़ते हुए तत्कालीन सामाजिक कुरीतियों के बारे में तथा आजादी के लिए देशवासियों का संघर्ष के बारे में चर्चा की जाएगी। विषय वस्तु की जानकारी देते हुए पाठ के उद्देश्य की जानकारी दी जाएगी। कठिन शब्दों के अर्थ बताते हुए पाठ का पठन एवं वाचन किया जाएगा। गाँधी जी द्वारा दांडी कूच के समय की परिस्थितियों की जानकारी दी जाएगी।

**छात्र सहभागिता:**

छात्र पाठ के कठिन शब्दों के अर्थ आत्मसात करके निहित मूल्यों का ज्ञान प्राप्त करेंगे। स्मार्ट बोर्ड के माध्यम से पाठ का का मूल भाव ज्ञात करेंगे। महात्मा गाँधी जी की दांडी यात्रा पर आधारित धुँधले पदचिह्न जिसमें 1930 में घटित घटनाओं का वर्णन किया है, की जानकारी प्राप्त करेंगे। देश में उस समय की स्थिति तथा आज की स्थिति पर चर्चा करेंगे। पाठ का मूल भाव समझते हुए प्रश्नों के उत्तर ढूँढने का प्रयास करेंगे।

**पुनरावृत्ति:**

1. किस कारण से प्रेरित हो स्थानीए कलेक्टर ने पटेल को गिरफ्तार करने का आदेश दिया?
2. जज को सजा लिखने के लिए डेढ़ घंटा क्यों लगा?
3. महिसागर नदी के दोनों किनारों पर कैसा दृश्य उपस्थित था?
4. इनसे आप लोग त्याग और हिम्मत सीखें - गाँधी जी ने यह शब्द किसके संदर्भ में कहे?

**ज्ञान के अन्य ज्ञानक्षेत्रों के साथ एकीकरण:**

गाँधी जी की आत्मकथा -सत्य के प्रयोग' को पुस्तकालय से लेकर पढ़िए।

1. दांडी कूच यात्रा में क्या-क्या हुआ। जानकारी एकत्रित कीजिए।
2. अहमदाबाद में बापू के आश्रम के विषय में चित्रात्मक जानकारी एकत्र कीजिए।
3. वीराने में जहाँ बत्तियाँ न हों वहाँ अँधेरी रात में जब आकाश में चाँद भी दिखाई न दे रहा हो तब महाँ नदी पर केसे रोशनी हुई और गाँधी जी ने नदी कैसे पार की?

**परियोजना अर्थ:**

स्वतंत्रता आंदोलन में गाँधी जीका योगदान विषय पर कक्षा में परिचर्चा आयोजित कीजिए।

भारत के मानचित्र पर निम्न स्थानों को दर्शाइए: अहमदाबाद, जलियाँवाला बाग (अमृतसर), कालापानी (अंडमान), दिल्ली, शिमला, बिहार, उत्तर प्रदेश

**मूल्यांकन:**

1. बल्लभभाई पटेल की गिरफ्तारी पर देश के अन्य नेताओं ने क्या प्रतिक्रिया की?
2. गाँधी जी ने रास की जनसभा में खुली चुनौती देते हुए आम लोगों से क्या कहा?
3. देशहित के लिए सच्चे नेतृत्व क्षमता वाले नेताओं की सदैव उपस्थिति अनिवार्य है। इस पक्ष-विपक्ष पर तर्क कीजिए।